हरिभूमि

# छिंदवाड़ा भूमि

5

जबलपुर, बुधवार 10 सितंबर 2025

login : www.haribhoomi.com

पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई

## खबर संक्षेप

### सांसद आज मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की बैठक लेंगे

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू आज 10 सितम्बर को छिन्दवाड़ा और पाण्ढुर्णा जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। सांसद श्री साहू बुधवार को सुबह 11 बजे आगामी दिनों में दोनों जिलों में आयोजित होने वाले 100 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों को लेकर मेडिकल कॉलेज छिन्दवाड़ा के आडिटोरियम में डॉक्टरों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेंगे। सांसद श्री साहू दोपहर 1 बजे मोहखेड़ के ग्राम सारोठ में स्थित स्वर्ण वाटिका में राजा भोज फार्मर्स प्रोडयूसर कम्पनी लिमिटेड सारोठ की वार्षिक आमसभा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। दोपहर 3 बजे पाण्ढुर्णा में जनपद पंचायत के पास आयोजित रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे वहीं पाण्ढुर्णा में ही शाम 5 बजे लक्ष्मी स्मृति भवन में आयोजित व्यापारी सम्मेलन के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### एक मरीज को मिली 40 हजार की आर्थिक सहायता

**छिन्दवाड़ा।** मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से आर्थिक सहायता के अंतर्गत छिन्दवाड़ा जिले के एक जरूरतमंद मरीज को 40 हजार की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों छोटी बाजार छिन्दवाड़ा निवासी पवन पिता दुलीचंद जैन ने सांसद बंटी विवेक साहु से मुलाकात कर बिमारी हेतु आर्थिक सहायता के लिए गुहार लगाई थी। सांसद श्री साहु ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से आर्थिक सहायता के तहत राशि स्वीकृत करने के लिए पत्र प्रेषित करते हुए राशि उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिस पर मुख्यमंत्री कार्यालय भोपाल से त्वरित कार्यवाही करते हुए छोटी बाजार छिन्दवाड़ा निवासी पवन पिता दुलीचंद जैन 40 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। राशि स्वीकृत होने पर मरीज और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं सांसद बंटी विवेक साहु का आभार व्यक्त किया है।

### कलेक्टर ने की स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा बैठक

# अतिथि शिक्षकों के लापरवाह पाए जाने पर तत्काल किया जाएगा बर्खास्तः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस. बघेल, सहायक संचालक शिक्षा जनजातीय कार्य विभाग श्री उमेश सातनकर, डीपीसी श्री जगदीश इड़पाचे, जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, एपीसी और बीआरसीसी उपस्थित थे।

**जेईई/नीट वार्षिक कार्ययोजना** - जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस. बघेल ने सरकारी स्कूलों में संचालित जेईई और नीट कक्षाओं की वार्षिक कार्ययोजना की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी विकासखंडों में शिक्षक-विद्यार्थियों के व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाएंगे, जिनके माध्यम से ऑनलाइन टेस्ट लिये जाएंगे और उनका रिकॉर्ड संधारित किया जाएगा। विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार नया पाठ्यक्रम कक्षा 11वीं और 12वीं के साथ जोड़ा गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि सभी विद्यालय निर्धारित टाइम-टेबल के अनुसार ही जेईई/नीट कक्षाएं संचालित करें।



#### ई-अटेंडेंस नहीं लगाने वाले पर होगी कार्यवाही

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि ई-अटेंडेंस नहीं भरने वाले विद्यालय इंचार्ज की सूची तत्काल उपलब्ध कराएँ और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की उपस्थिति और समयपालन शिक्षा की गुणवत्ता का मूल आधार है, इसलिए इस व्यवस्था में ढिलाई बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### अतिथि शिक्षकों पर कार्यवाही करने के दिए निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में यह भी स्पष्ट किया कि अतिथि शिक्षक यदि अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन नहीं कर रहे हैं तो उन्हें तत्काल हटाया जाए। उन्होंने कहा कि जिले के विद्यार्थियों के भविष्य से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। अतिथि शिक्षकों से अपेक्षा है कि वे नियमित, समय पर और गुणवत्तापूर्ण कक्षाएँ लें, अन्यथा उनकी सेवाएँ समाप्त कर दी जाएँ।

#### चयनित विद्यार्थियों का सम्मान करने के दिए निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि इस वर्ष जिन विद्यार्थियों का चयन अच्छे कॉलेजों में हुआ है, उन्हें विद्यालयों में बुलाकर सम्मानित किया जाए। इससे अन्य छात्र भी प्रेरित होंगे और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित होंगे।

#### एनएमएमएस पंजीयन में छिन्दवाड़ा प्रथम

डीपीसी श्री जगदीश इड़पाचे ने बताया कि इस वर्ष एनएमएमएस (नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप) पंजीयन में छिन्दवाड़ा जिला पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। यहां 156 प्रतिशत पंजीयन दर्ज हुए। इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्री सिंह ने उन्हें बधाई दी।

### करेंट से मौत की चर्चा फैली थी

## किसान की मौत, पुलिस ने पत्नी, दो पुत्र एवं खेत मालिक को दोषी माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



गत 28 अगस्त की दोपहर में खेत में राठू भाकराजी हिंगवे आयु 62 निवासी बनगांव की करेंट से मौत होने की आम चर्चा फैली थी। इस मौत के मामले को पुलिस प्रशासन से छुपाकर गुपचुप तरीके से लाश का अंतिम संस्कार उसी रात्रि में 8 बजे कर दिया गया।

पुलिस ने किसान की दुर्घटना में हुई मौत की जानकारी पुलिस से छुपाने और बिना सूचना के शव का अंतिम संस्कार किए जाने के मामले मे मृतकी पत्नी शकुन आयु 57 निवासी बनगांव, मृतक के पुत्र बलिराम, पुत्र प्रवीण, खेत मालिक प्रेम बुधराजा को धरा 211 बीएनएस के उल्लंघन दोषी माना है। अतः इन चारों व्यक्तियों के विरूद्ध कारवाई हेतु न्यायालय में धारा 211 बीएनएस का इस्तगासा पेश कर दिया है।

ज्ञात हो कि मृतक राठू की मौत करेंट से हुई थी इसकी पुष्टि केवल पोस्टमार्टम से ही हो सकती थी। लेकिन मृतक की पत्नी, दोनों पुत्रों और खेत मालिक ने पुलिस को अंधेरे में रखा। बाद में घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया और आस पास निवास करनेवाले तथा मृतक के परिजनों एवं पडोसियों के बयान लिए। बयान में भी करेंट से मौत होने की बात सामने आयी। लेकिन शव का पोस्टमार्टम होता तो मामला संदिग्ध नहीं रहता। बिना पीएम रिपोर्ट के सिर्फ लोगों के बयान के आधार पर राठू की मौत शतप्रतिशत करेंट से हुआ मानना चाहिए या नहीं ? यह बडा सवाल है।

## खेत में युवक की हत्या, डॉक्टर और उसके साथी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। एक डॉक्टर ने अपने खेत में मजदूर व ठेकेदार के साथियों के साथ मिलकर युवक की बेरहमी से पिटाई की, जिसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। देहात पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

घटना का विवरण 6 सितंबर 2025 को अस्पताल पुलिस चौकी से मिली सूचना पर पुलिस को पता चला कि रामकृष्ण उइके (27), निवासी पोआमा ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक के रिश्तेदार जग्गू उर्फ जगराम की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर अपराध क्रमांक 452/2025 धारा 103(1) BNS दर्ज किया गया।

जांच में सामने आया कि डॉक्टर आशीष गुप्ता ने अपने खेत में मृतक को शराब पिलाने के बाद चोरी के मामले में पूछताछ के बहाने बुलाया। वहां मौजूद उसके साथी मोनू उर्फ नंदलाल चौरे, राजा मरकाम, चंचलेश सूर्यवंशी, नमन उइके और नीलेश कहार ने योजना बनाकर युवक को नायलॉन की रस्सी से खंभे से बांधा और बांस के डंडे व प्लास्टिक पाइप से जमकर पीटा।पिटाई के दौरान रामकृष्ण बेहोश हो गया तो आरोपियों ने उसे झाड़ियों में फेंक दिया और अगले दिन अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस की कार्रवाई पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता और नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के निर्देशन में थाना प्रभारी विजयराव माहोरे ने टीम गठित कर जांच की।

एफएसएल अधिकारी अजीता जौहरी, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट सतेंद्र बघेल और साइबर सेल की मदद से आरोपियों का पता लगाया गया। आरोपी मोनू उर्फ नंदलाल चौरे (33), राजा मरकाम (27) और डॉक्टर आशीष गुप्ता (44) को नागपुर रोड पर धरदबोचा गया।आरोपियों के पास से बांस का डंडा, प्लास्टिक पाइप और मृतक के कपड़े बरामद किए गए।तीनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### स्व-सहायता समूह के हितग्राहियों को खाद्य प्रसंस्करण का दिया गया प्रशिक्षण

**छिन्दवाड़ा।** उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग में आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना के अंतर्गत लाभान्वित जय भवानी स्व-सहायता समूह, जय भवानी जैविक उत्पाद समूह एवं माउसी स्व-सहायता समूह की 30 महिला हितग्राहियों को इमलीखेड़ा स्थित आरसेटी प्रशिक्षण संस्थान में एक दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केन्द्र चंदनगांव के वैज्ञानिक डॉ.डी.सी. श्रीवास्तव के द्वारा खाद्य प्रसंस्करण की इकाईयों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर उप संचालक उद्यान श्री एम.एल. उइके द्वारा भी योजना के बारे में समूह की महिलाओं को जानकारी प्रदान की गई। साथ ही विभाग के श्री ओम सोनी, प्रभारी व.उ.वि.अधिकारी द्वारा खाद्य प्रसंस्करण के संबंध में प्रोजेक्टर के माध्यम से इकाई में लगने वाले संयत्रों का प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रशिक्षण में चंदनगांव के एक समूह द्वारा चुकंदर के बने लड्डू भी प्रदर्शित किये गये।

## चिमटीपुर में खिला पर्यटन का फूल, आदिवासी परिवारों की जिंदगी में आई बहार

### महिलाओं ने एक लाख की आय पार कर रचा आत्मनिर्भरता का नया इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग की होम स्टे योजना रंग ला रही है और छिंदवाड़ा के आदिवासी गांव न सिर्फ पर्यटकों से गुलजार हो रहे हैं बल्कि इससे जुड़कर गांव की महिलाओं, युवाओं को रोजगार मिल रहा है। छिंदवाड़ा के आदिवासी गांव चिमटीपुर में होम स्टे चलाने वाली महिलाओं ने कम समय में आय का नया कीर्तिमान रचा है। यहां पर होम स्टे संचालित करने वाली महिलाएं एक-एक लाख रूपए से अधिक की आय अर्जित कर रही हैं और परिवार को आत्मनिर्भर बनाने में कंधे से कंधा मिलाकर समाज में अपना नया रूतबा बना रही हैं।

छिंदवाड़ा कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पर्यटन गतिविधियों का संचालन हो रहा है। अधिकारीद्वय के नेतृत्व में होम स्टे योजना का सफल क्रियान्वयन होने से पर्यटन ग्रामों में खुशहाली दिख रही है।

चिमटीपुर ग्राम में परार्थ समिति के माध्यम से बनाए गए होम स्टे में पर्यटकों की आवाजाही ने ग्राम की आर्थिक उन्नति के द्वार खोल दिए हैं। होम स्टे के साथ ट्रेकिंग और लोकनृत्य के जरिए आदिवासी परिवार जबरदस्त आय अर्जित कर रहे हैं। चिमटीपुर में दूधी माता होम स्टे की संचालिका सनवती पंद्राम और आवला होम स्टे की संचालिका सिरोज पंद्राम का नाम उन महिलाओं में शुमार हो गया है, जिन्होंने होम स्टे खुलने के बाद एक लाख से कहीं अधिक की आय अर्जित कर ली है।

पर्यटन ग्राम चिमटीपुर में आने वाले पर्यटकों को सुकून और शांति के साथ देसी नृत्य, लोकगीत देखने को मिल रहे हैं। मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की पहल पर परार्थ समिति के साथ मिलकर होम स्टे योजना के तहत मिट्टी के घर आकर्षण का केन्द्र बने हैं, इनमें पर्यटकों को स्थानीय एवं परम्परागत व्यंजनों का जायका मिल रहा है।

चिमटीपुर में अब तक पांच होम स्टे शुरू हो चुके हैं और चार नए होम स्टे का निर्माण कार्य जारी है, जिन्हें जल्द ही पर्यटकों के लिए खोला जाएगा।

## कलेक्टर ने सेवानिवृत्त 32 शासकीय कर्मचारियों को सौंपे पीपीओ पत्र

### कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी रहे मौजूद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में 31 अगस्त 2025 को अपनी लंबी सेवाओं के बाद सेवानिवृत्त हुये शासकीय सेवकों को पीपीओ पेंशन अदायगी आदेश प्रदान किये गये।

पीपीओ वितरण के कार्यक्रम में अगस्त माह में सेवानिवृत्त 32 कर्मचारियों को पीपीओ वितरित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत जिला पेंशन अधिकारी सुश्री हीरावती उइके के द्वारा सभी के स्वागत से हुई। उन्होंने कलेक्टर श्री सिंह के लगातार सहयोग के लिय धन्यवाद प्रेषित किया एवं सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को भी उनके लगातार समय पर प्रकरण प्रस्तुत करने के लिये एवं उनमें कमियों की पूर्ति के सहयोग के लिये धन्यवाद दिया। साथ ही सभाकक्ष में उपस्थित जिला कोषालय स्टाफ को भी उनके तकनीकी सहयोग के साथ लगातार अन्य भुगतानों में सहयोग के लिये धन्यवाद प्रेषित किया।

कलेक्टर श्री सिंह द्वारा सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को उनके आगे आने वाले जीवन के लिये शुभकामनायें देते हुये कहा गया कि वे अपने इतने लंबे अनुभवों को सामाजिक कल्याण में लगायें। सभी अधिकारियों जिन्होंने इस कार्यक्रम में सहयोग दिया उनका धन्यवाद किया। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया गया कि समाधान ऑनलाईन में एक प्रकरण आया, जिसमें 2017 में रिटायर हुये कर्मचारी को 2025 में 7-8 साल बाद सेवानिवृत्ति आदेश प्राप्त हो पाया, जबकि उस कर्मचारी की मृत्यु तक हो चुकी थी, ये बहुत ही कष्टदायक होता है। लगभग 6-7 महीनों से लगातार हमारा प्रयास चल रहा है कि समय पर सभी अधिकारी-कर्मचारी एवं अधिकारियों के पीपीओ एवं अन्य क्लेम्स जैसे जीपीएफ, अर्जित अवकाश आदि समय पर जारी हो जायें एवं हमारे इस कार्यक्रम को देखकर अन्य जिलों में भी इस तरह के कार्यक्रम शुरू किये गये हैं और इस परंपरा को लगातार बनायें रखें ताकि कोई भी सेवानिवृत्त साथी अपने क्लेम्स के लिये दर-दर ना भटके।

## जिले के 446 हितग्राहियों को 9 करोड़ 99 लाख रुपए का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय भोपाल से मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत प्रदेश के 7953 श्रमिकों को 175 करोड़ रुपए की अनुग्रह सहायता राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया। जिसमें छिंदवाड़ा जिले के 446 हितग्राही भी कुल 9 करोड़ 99 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि से लाभान्वित हुए। इस दौरान मंत्रालय में प्रदेश के श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल भी उनके साथ थे।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एन.आई.सी. द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में किया गया था, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार कठिन समय में संबल देने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम का प्रसारण छिंदवाड़ा जिले में भी किया गया था। इस दौरान कलेक्टर कार्यालय के एन.आई.सी.कक्ष से कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर श्री धीरेन्द्र सिंह, श्रम विभाग, जनपद छिंदवाड़ा एवं नगर निगम छिंदवाड़ा के अधिकारी संबल के लाभान्वित हितग्राहियों के साथ शामिल हुए।

श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह राशि विभिन्न जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों के हितग्राहियों को वितरित की गई है। इसमें जनपद पंचायत अमरवाड़ा के 26, बिछुआ के 1, छिंदवाड़ा के 93, चौरई के 55, हर्रई के 24, जुन्नारदेव के 60, मोहखेड़ के 3, परासिया के 20 व तामिया के 62 और नगर निगम छिंदवाड़ा के 59, नगर पालिका डोंगर परासिया के 19, नगर पालिका चौरई के 5, नगर पालिका बड़कुही के 4, नगर पालिका जुन्नारदेव के 4, नगर पालिका बिछुआ के 5, नगर पालिका चांद के 2, नगर पालिका चांदामेटा बुटरिया के 2, नगर परिषद हर्रई और नगर पालिका न्यूटन चिखली के 1-1 हितग्राही शामिल हैं।

### जिले में अभी तक 892.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 892.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 1102.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिला 09 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 03 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 09 सितंबर 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 0.6, तामिया में 01, अमरवाड़ा में 25.2, चौरई में 04, परासिया में 2.2 और चांद में 0.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 755.1, मोहखेड़ 878.3, तामिया में 1030.2, अमरवाड़ा में 885.4, चौरई में 843.4, हर्रई में 1229.9, बिछुआ में 855.9, परासिया में 679.2, जुन्नारदेव में 892.6, चांद में 919.9 और उमरेठ में 819.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## महापौर ने छिंदवाड़ा से उज्जैन जा रहे युवाओं को किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार शासन की एक महत्वपूर्ण योजना माँ तुझे प्रणाम के अंतर्गत जिला कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के कुशल मार्गदर्शन में आज दिनांक 9 सितम्बर 2025 को छिंदवाड़ा ज़िले से 22 युवाओं का दल उज्जैन के लिए रवाना हुआ। जिला खेल अधिकारी श्री कृष्ण कुमार चौरसिया ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य जिले व प्रदेश के युवाओं को देश की सीमाओं का भ्रमण और सेना की सैन्य गतिविधियों से अवगत कराना साथ ही प्रदेश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर का भ्रमण कराना है यह दल आज शाम को जबलपुर से उज्जैन के लिए रवाना होगा छिंदवाड़ा से दल प्रभारी के रूप में श्री प्रकाश डहेरिया युवा समन्वयक बिछुआ युवाओं के साथ रवाना हुए। इस अवसर पर जिले के माननीय सांसद श्री विवेक बंटी साहू ने युवाओं के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की और युवाओं के दल को जबलपुर रवाना करने हेतु जिले के महापौर श्री विक्रम अहाके स्वयं युवाओं से मिलने ओलंपिक स्टेडियम पहुंचे और युवाओं को देश भावना से ओतप्रोत अपने वक्तव्य से प्रेरित किया।

### राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन ने कराया महिला का इलाज



**छिंदवाड़ा।** राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन प्रदेश अध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ठ यमन साहू एव प्रदेश उपाध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ठ विक्की द्वारा सामाजिक महिला सुमन साहू का इलाज करवाया गया। राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया की हमारी सामाजिक महिला सुमन साहू जो बहुत ही गरीब घर से आती हैं उन्हें अपना इलाज 15 दिन जिला अस्पताल में कराया वहां पर इलाज न मिल पाने और ठीक न होने के करण परेशान होकर राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ठ यमन जी साहू से मिली यमन जी साहू ने प्रदेश उपध्याक्ष राजनीति प्रकोष्ठ विक्की जी साहू के साथ मिलकर डॉक्टर से बात की और मारिज सुमन जी साहू को क्लीयरेंस हॉस्पिटल में एडमिट कराया 3 दिन के इलाज के पक्षत उनको आराम लगा और वहां स्वस्थ होकर अपने घर गई उनका पूरा इलाज राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन राजनीति प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष यमन साहू एव प्रदेश उपाध्यक्ष राजनीति प्रकोष्ठ विक्की साहू ने कराया।

## विधायक ने बनाई जुन्नारदेव एवं दमुआ में पार्टी पदाधिकारियों के साथ रणनीति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मंगलवार को जुन्नारदेव एवं दमुआ में विधायक सुनील उईके ने ब्लॉक अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कॉंग्रेसजनों के साथ बैठक कर पार्टी एवं संगठन के सम्बंध में आगामी समय की रणनीति पर विचार विमर्श किया।

बैठक में बूथ कमेटी के गठन, नव नियुक्त बी एल ओ की ट्रेनिंग, ब्लॉक कॉंग्रेस एवं क्षेत्रीय कॉंग्रेस की नियमित बैठक एवं प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्र पर विधायक श्री उईके के द्वारा निकाली जाने वाली चुनरी यात्रा का कार्यक्रम बनाया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक सुनील उईके ने कहा कि अब हमें संगठन में सक्रीयता एवं निरंतरता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। केंद्र एवं राज्य की सरकारों के द्वारा लगातार जनविरोधी कार्य किये जा रहे है, हमारा संगठन मजबूत एवं सक्रिय होगा तभी हम भाजपा को मुँह तोड़ जबाब देकर जनहित के मुद्दों पर उसे घेर पाएंगे। भाजपा के नेता एवं अधिकारी हमारे नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर अनैतिक दबाव बनाकर उन्हें प्रताड़ित करने का कोई भी मौका छोड़ नही रहे है।

वे समझ रहे है कि उनकी कार्यवाही से कॉंग्रेसी डर जाएंगे जबकि वे ये नही जानतें की उनके द्वारा कार्यकर्ताओं को जितना ज्यादा परेशान किया जाएगा कॉंग्रेसी उतने ही दमदारी से भाजपा एवं सरकार का प्रतिकार करेगा।

## राज्य स्तरीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

**बिछुआ।** एकलव्य विद्यालय सिंगारदीप में दो दिवसीय राज्य स्तरीय बॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य समापन रविवार को उत्साह और खेल भावना के वातावरण में हुआ। इस प्रतियोगिता में राज्य भर से विभिन्न जिलों की कुल 28 टीमों ने भाग लिया।समापन समारोह में विजेता टीम को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए तथा खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की।प्रतियोगिता के बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में विजेता छिंदवाड़ा ने उपविजेता मंडला को कड़े मुकाबले में हराकर खिताब अपने नाम किया,वही बालिका वर्ग फाइनल मुकाबले में धार ने बैतूल को हराकर खिताब जीता, मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और दर्शकों ने खिलाड़ियों का भरपूर उत्साहवर्धन किया।संस्था प्राचार्य मोहन सलामे ने अपने संबोधन में कहा, ₹इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं को न सिर्फ खेलों में आगे बढ़ने का अवसर देती हैं, बल्कि उनमें अनुशासन और टीम भावना भी विकसित करती हैं।₹आयोजन समिति और सभी सहयोगियों ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### कोयले की अनुशंसा के संबंध में जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कोयले की अनुशंसा के लिये जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में किया गया। बैठक में खनिज अधिकारी रविन्द्र परमार, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक आर.एस.उईके, अधीक्षण अभियंता खुशियाल शिववंशी एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई।

**न्यायालय पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चौरई**

प्रारुप-पांच (नियम 5(1) देखिये) सूचना पत्र

रा.प्र.क. 01/बी-113/2025-26 मौजा गोहरगांव प0ह0नं0 23 तहसील चांद जिला छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951 (1951 का 30) की धारा 5 की उपधारा 2 और मध्य प्रदेश लोक न्यास नियम 1962 का नियम 5 (1) द्वारा -

चूंकि महादेव मंदिर सेवा समिति धार्मिक न्यास की ओर से अध्यक्ष श्री महेश सोनी पिता गिरधारी सोनी निवासी वार्ड नं. 15 गोहरगांव तहसील चांद जिला छिंदवाड़ा के द्वारा म. प्र. लोक न्यास अधिनियम 1951 (1951 की धारा 30) की धारा 4 के अधीन एक आवेदन पत्र अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति के लिये लोक न्यास के रूप में पंजीयन के लिए आवेदन किया है। एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती है, कि आवेदन पर मेरे न्यायालय में दिनांक 01.10.2025 को विचार के लिए लिया जावेगा। अतः मैं अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / लोक न्यास अधिकारी चौरई जिला छिन्दवाड़ा के लोक न्यासों का पंजीयक अपने न्यायालय में दिनांक 01.10.2025 को उक्त अधिनियम की धारा-5 की उपधारा (1) के द्वारा यथा अपेक्षित जांच करना प्रस्थापित करता हूं। अतः एतद् द्वारा सूचना दी जाती है, कि किसी आपति या सुझाव को करने का आशय रखते हुये कथित न्याय या सम्पति में हितबद्ध कोई व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से एक मास के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करता है और कोर्ट में मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिशः अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए। उपरोक्त अवधि को समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिये ग्रहण नहीं किया जावेगा।

अनुसूची (लोक न्यास का नाम और पता व सम्पति का विवरण) श्री महादेव मंदिर सेवा समिति धार्मिक न्यास वार्ड नं. 15 गोहरगांव तहसील चांद

पेशी दिनांक 01-09- 2025

पंजीयक लोक न्यास अनुविभागीय अधिकारी चौरई, जिला छिन्दवाड़ा

## पीएम के जन्मदिवस पर मनाया जाएगा सेवा पखवाड़ा

**तामिया।** आज भाजपा जिला कार्यालय छिंदवाड़ा में आगामी 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की जिला बैठक में उपस्थित हुए ।सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गाँधी जी जयंती तक मनाया जाएगा जिसमे रक्तदान, स्वच्छता,संगोष्टि,खेल जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया गया है।ईस. बैठक को भाजपा जिला अध्यक्ष श्री शेषराव यादव ने संबोधित कर सभी को कार्यक्रम की जानकारी देकर कार्यक्रमों का सहयोजक व सह सहयोजक नियुक्त किया। इस जिला बैठक में तामिया मंडल से मंडल अध्यक्ष दयाराम इरपाची मंडल कार्यक्रम संयोजक विनय साहू सह संयोजक नीलेश डेहरिया,सह संयोजक अरविंद पंद्रे जिला कार्यशाला सेवा पखवाड़ा में उपस्थित हुए ।

## 10 जरूरतमंदों को मिला संबल योजना का लाभ

**पांढुर्ना।** आज मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना के तहत प्रदेश के 7953 हितग्राहियों के बैंक खातें में सीएम डॉ. मोहन यादव ने वन क्लिक के माध्यम से 175 करोड की राशि अंतरित की। नगरीय क्षेत्र में संबल योजना के तहत आज 10 जरूरतमंद हितग्राहियों के खाते में राशि जमा हो गई। इस अवसर पर नगरपालिका सभागार में एक सादगीपूर्ण समारोह संपन्न हुआ जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे, सीएमओ राजकुमार इवनाती, सभापतिगण, पार्षदगण और लाभार्थी मौजूद रहे।

### गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य से ग्रामीणों में आक्रोश, कार्रवाई की उठ रही मांग

# ग्राम खैरवानी में बन रही पुलिया निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ



जनपद पंचायत जुन्नारदेव के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खैरवानी में मनरेगा योजना के तहत बन रही 12 लाख रूपये की पुलिया निर्माण कार्य में भारी घोटले की गूंज सुनाई देने लगी है। उक्त पुलिया का निर्माण कार्य इसी वित्तीय वर्ष में हुआ है। निर्माण कार्य में निम्न घटिया स्तर की सामग्री का उपयोग और बिना किसी तकनीकि निगरानी के चल रहे काम में ग्रामीणो में जबदस्त आक्रोश व्याप्त है ।

यह पुल भ्रष्टाचार कमीशन खोरी और लापरवाही का प्रतीक बन चुका है। गुणवत्ता ताक पर जिम्मेदार कौन- स्थानीय लोगो का कहना है कि पुल के निर्माण कार्य में मानको मापदण्ड नियम की धज्जियां उडाई गई है। निर्माण मे उपयोग हो रहे पत्थर अत्यंत कमजोर एवं निम्न स्तर के है जिससे पुल का ढांचा किसी भी समय ढह सकता है। हैरानी का बात तो यह है कि लाखो रूपयों की इस मनरेगा योजना में ना तो कोई इंजीनियर निरिक्षण करने पहुंचा और ना ही किसी जिम्मेदार अधिकारी की निगरानी में निर्माण कार्य हुआ ।

कमिशन खोरी का खुला खेल- सरपंच सचिव पर सवाल उठ रहे ग्रामवासियों का अरोप है कि सरपंच एवं सचिव की मिलीभगत से ठेकेदार को खुली छूट दी गई है बटज का बडा हिस्सा कमीशन के रूप में बांट दिया गया है और निर्माण कार्य को जल्द बाजी में बिना गुणवत्ता का ध्यान रखे किया गया पंचायत की अनदेखी से ग्रामीणो की जान को सीधा खतरा उत्पन्न हो गया।

### ग्रामीण जनों ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

जागरूक नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओ ने पुलिया निर्माण हुए भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है ग्रामीणो का यह कहना है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र संज्ञान नही लिया तो वे जन आंदोलन और सडक पर उतरने को बाध्य होगें। जबकि पुल बनने से पहले ही खतरे की घंटी बज गई। गावं के वरिष्ठ नागरिको का कहना है कि जिस पुल से आवागमन की सुविधा मिलती थी वही अब मौत का बुलाया बन सकता है यदि समय रहते गुणवत्ता की जांच नही हुई तो यह पुलिया किसी बडे हादसे का कारण बन सकती है।

### सरकार और प्रशासन से जवाब की उम्मीद

ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री जी जिला कलेक्टर और जनपद पंचायत जुन्नारदेव सी.ओ. से गुहार लगाई है कि पुलिया निर्माण में हुई अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कर निर्माण कार्य एजेंसी एवं ठेकेदार से संबंधित दोषियों को सख्त सजा दी जावे ताकि भविष्य में सार्वजनिक धन की बरबादी और जन जीवन की सुरक्षा से खिलवाड करने वालों पर लगाम लग सके।

## 19 संबल हितग्राहियों को दिए स्वीकृति पत्र



**परासिया ।** नगर पालिका पारसी के अध्यक्ष विनोद मालवीय के द्वारा नगर के 19 संबल हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए । इसके पूर्व मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा अनुग्रह सहायता राशि का सिंगल क्लिक से राशि का वितरण का सीधा प्रसारण निकाय में किया गया ।मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल 2.0 योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता योजना के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक कर डीबीटी के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खाते में संपूर्ण मध्य प्रदेश के 7953 श्रमिक परिवारों को 175 करोड़ की अनुग्रह सहायता राशि सिंगल क्लिक से अंतरण की गई । नगर पालिका परासिया के पीड़ति 19 परिवारों को जिसमें वहीदा बी को उनके पति की दुर्घटना मृत्यु पर 4 लाख एवं सपना पाटिल , सुषमा डेहरिया , सनी यादव , छत्रपाल डेहरिया , अर्चना इनवाती , पार्वती विश्वकर्मा , उर्मिला सतवाई , सुगना चेट्टी , आरती मालवी , ग्यारसी सिसोदिया , अरविंद डेहरिया , रेशमा खान , राधा राठौर , सुमन बर्मन , तानिया मसराम , दुलारी साहू , संजय सोनी को पंजीकृत श्रमिकों की मृत्यु उपरांत मृत्यु उपरांत योजना अंतर्गत प्रत्येक पीड़ित परिवार को 2 लाख की की राशि का स्वीकृति पत्र नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय द्वारा प्रदान किए गए ।

## अकिन और देवेश बालाघाट में दिखाएंगे जलवा

**पांढुर्ना ।** कल यहां लक्ष्मी स्मृति भवन में हुई जिला स्तरीय शालेय योग प्रतियोगिता में आयु वर्ग 17 में रामशांति विद्या मंदिर स्कूल की अकिन बारंगे तथा आयु वर्ग 19 में समता कॉन्वेंट के हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र देवेश हिंगवे का संभागीय प्रतियोगिता में जाने के लिए चयन हुआ। उल्लेखनीय है कि आगामी दिनों में बालाघाट में संभागीय योग प्रतियोगिता का आयोजन होना है। अकिन बारंगे ने ट्रेडिशनल एवं आर्टिस्टिक योग में बेहतर प्रदर्शन किया। समता हायरसेकंडरी स्कूल के छात्र देवेश हिंगवे ने भी कुशलतापूर्व कठिन योगासनों का प्रदर्शन कर निर्णायकों को प्रभावित किया। इन दोनों विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट योगासन प्रस्तुति और संतुलन क्षमता के बल पर संभागीय प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया। रामशांति विद्यामंदिर संस्था के सुभाष बुधराजा, शिवम बुधराजा, प्राचार्या चारू गुलाटी तथा समता स्कूल की ओर से संस्था अध्यक्ष महेश दुबे, प्राचार्य रामेश्वर देशमुख, शालेय स्टाफ तथा दोनों चयनित विद्यार्थियों के माता पिता ने इनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दी है।





## बिछुआ में मीडिया संगठन के तहत हुआ वृक्षारोपण का आयोजन



**बिछुआ।** प्रदेश अध्यक्ष गया प्रसाद सोनी के निर्देशानुसार जिलेभर में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत बिछुआ में मीडिया संगठन इकाई द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर पुलिस थाना परिसर, एकता प्रेस क्लब बिछुआ एवं पीएम श्री कन्या विद्यालय बिछुआ में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में नींबू, जामुन एवं जाम ,मूनगा जैसे उपयोगी एवं छायादार पौधे लगाए गए।कार्यक्रम में मीडिया संगठन इकाई बिछुआ के अध्यक्ष श्रावण कामड़े, उपाध्यक्ष मुकेश कुरोठे, प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर, वरिष्ठ सदस्य जितेंद्र सोनी, प्रमोद श्रीवास, रजत वानखेड़े एवं ज्ञानेन्द्र इंदौरकर उपस्थित रहे।साथ ही टी.आई. मोहन मर्सकोले, जेडी बनाईत डेहरिया, रघुवंशी, मुंशी सहित पुलिस स्टाफ एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी इस अभियान में शामिल हुए।मौके पर सभी ने संकल्प लिया कि पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के नाम से एक पौधा अवश्य लगाएगा।

## राशन दुकान से मिला गेंहू लेकर खाद्य विभाग पहुंचे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



**राशन दुकान से मिल रहे अनाज को लेकर हितग्राहियों में नाराजगी व्याप्त है । हितग्राही अनाज को लेकर शिकायत भी कर रहे हैं । एक हितग्राही तो राशन दुकान से मिले अनाज को लेकर खाद्य विभाग भी पहुंचा ।**

इस मामले में नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर ने भी विरोध जताया है ।परासिया शहर की राशन दुकानों से घटिया किस्म का अनाज मिलने की शिकायतें मिल रही हैं । हितग्राहियों का कहना है , कि जो गेहूं मिला है , बेहद घटिया है । गेहूं में मिट्टी और कंकर की मात्रा अधिक है । पिसाने जाओ तो आटा चक्की वाले भी गेहूं घटिया होने की बात करते हैं । इस मामले में नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर ने सरकार और शासन पर निशाना साधा है , उनका कहना है , कि शासन और प्रशासन बार - बार फ्री अनाज देने का ढिंढोरा पीटती है , उसे लोगों से कोई सरोकार नहीं है । सरकार भले ही फ्री में अनाज दे रही हो , पर खाने लायक तो दें । लोगों को जो अनाज मिल रहा है , वह खाने लायक नहीं है । कई हितग्राही ऐसे हैं , जिन्हें तीन माह का राशन अभी तक नहीं मिला । उन्होंने कहा , कि यदि घटिया अनाज मिलना बंद नहीं हुआ तो वे आंदोलन का रुख अपनाएंगे ।

## अजाक्स जिला अध्यक्ष बनने पर शीलाराम का किया गया स्वागत



**परासिया :-** शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज खिरसाडोह में कार्यरत कर्मचारी शीलाराम अहिरवार को जिला अध्यक्ष अजाक्स छिंदवाड़ा के पद पर प्रांतीय अध्यक्ष जे एन कंसोटिया (आई ए एस) द्वारा नियुक्त किए जाने पर प्राचार्य एच डी पाटिल एवं समस्त स्टाफ द्वारा फूल माला पहनकर गर्मजोशी के साथ स्वागत सत्कार किया गया । समारोह में शीलाराम अहिरवार ने सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए धन्यवाद दिया । श्री अहिरवार ग्राम सोनाखार छिंदवाड़ा के रहने वाले मिलनसार , मधुर व्यक्तित्व एवं अन्याय के खिलाफ लड़ने वाले व्यक्ति के रूप में जाने जाते है ।

## बालाघाट में मैगनीज खदान घोटाले की जांच की मांग





### पूर्व विधायक किशोर समरिते ने कैबिनेट सचिव को लिखा पत्र

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व विधायक, लांजी किशोर समरिते ने कैबिनेट सचिव, भारत सरकार को एक आवेदन सौंपकर मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले में एक कथित मैगनीज खदान घोटाले की जांच की मांग की है। श्री समरिते का आरोप है तहसील बैहर के जगनटोला में धनराज पैट्रिक को भारत सरकार से आवंटित मैगनीज की 110 एकड़ खदान से धनराज पैट्रिक को बंधक बनाकर इसके फर्जी हस्ताक्षर से 200 करोड़ से अधिक का मैगनीज हिरा ग्रुप रायपुर (छत्तीसगढ़) द्वारा निकालकर बेचा गया है। श्री समरिते ने अपने आवेदन में मांग की है कि इस मामले में अविलंब जांच दल गठित कर धनराज पैट्रिक के नाम आवंटित खदान की जांच की जाए और सीबीआई से जांच कराई जाए। श्री समरिते ने कहा धनराज पैट्रिक खदान आवंटन के 7 वर्षों से ही लगातार लापता हैं, इसलिए उनका पता लगाना भी आवश्यक है। श्री समरिते का आरोप है कि हिरा ग्रुप द्वारा धनराज पैट्रिक का अपहरण कर इसकी खदान पर कब्जा कर इसके फर्जी हस्ताक्षर से परिवहन अनुज्ञा बनवाकर मैगनीज खुदाई कर बेचा गया है। पूर्व विधायक किशोर समरिते ने इस मामले में प्रथम सूचना दर्ज कर अब तक जारी परिवहन अनुज्ञा जप्त कर मामला सीबीआई को सौंपकर जांच करवाने की मांग की गई है।इसके साथ ही धनराज पैट्रिक की स्थिति और उनके ठिकाने का पता लगाने की भी मांग की गई है।

### घोड़े, बैलगाड़ी व रथ बने आकर्षण का केन्द्र, जगह-जगह भगवान आदिनाथ की पूजा की गई

## भगवान आदिनाथ के विमान को कंधे पर रख कर निकाली भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



दशलक्षण महापर्व के अवसर पर श्री दिगम्बर जैन मंदिर वारासिवनी में आर्यिका भावनामति माताजी, आर्यिका सदयमति माताजी, आर्यिका भक्तिमति माताजी के मार्गदर्शन में दस दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आर्यिका भावनामति माता जी ससंघ द्वारा प्रतिदिन प्रवचन दिए गए। 28 अगस्त से 6 सितंबर 2025 तक मनाया गया पर्यूषण पर्व दिगंबर जैनियों द्वारा आत्मा की शुद्धि और आंतरिक शांति प्राप्त करने के लिए मनाया जाने वाला एक दस दिवसीय त्यौहार है। इस दौरान उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन्य और ब्रह्मचर्य जैसे दस श्रेष्ठ गुणों का अभ्यास दिगम्बर जैनियों द्वारा किया गया। दसलक्षण पर्व के दौरान दिगम्बर जैन मंदिर में धार्मिक ग्रंथ तत्वार्थ सूत्र का पाठ श्रावक-श्राविकाओं द्वारा किया गया। इस ग्रंथ में दस धर्मों पर प्रवचन और ध्यान शामिल हैं।

पर्यूषण पर्व के समापन अवसर पर अंतिम दिन सभी जैन धर्मावलंबियों ने मैत्री दिवस मनाया। जिसमें समाज के लोगों ने एक-दूसरे से वर्ष भर में हुई भूल चूक के लिए क्षमा याचना की। वहीं 7 सितम्बर को पुरानी परंपरानुसार भगवान आदिनाथ की प्रतिमा को स्वर्णजडित विशेष विमान में विराजमान कर श्री दिगम्बर जैन मंदिर से विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में 5 बैलगाडियों में आदिनाथ भगवान, आचार्य श्री विद्यासागर महाराज व आर्यिका माता जी के छाया चित्र, स्वर्णजनित रथ पर सवार श्रावक-श्राविकायें सहित हाथों में जिन शासन की धर्म की पताका लेकर सैकड़ों श्रावक श्राविकायें पैदल चल रहे थे।

शोभा यात्रा के सामने सुमधुर धुन में कलाकार बैंड बाजे व ढोल बजा रहे थे और आदिनाथ के जयकारों के बीच शोभायात्रा में शामिल श्रावक-श्राविकाएं धर्म के उल्लास में झूमते हुए नृत्य कर रहे थे। जो धर्म के प्रति युवाओं की आस्था और ऊर्जा को दर्शाता है। इस अवसर पर समाजजनों ने जैनम जयति, शासनम्म, वंदे वीरम, जय आदिनाथ जैसे उद्घोषों के साथ वातावरण को धर्ममय बना दिया था। कार्यक्रम में दिगम्बर जैन समाज के अलावा कई जनप्रतिनिधि, महिलाएं, बच्चे और बड़ी संख्या में समाज के अनुयायी सम्मिलित हुए।

यह भव्य शोभा यात्रा श्री दिगम्बर जैन मंदिर से निकल कर गोलीबार चौक, आंबेडकर चौक, नेहरु चौक, जय स्तम्भ चौक होकर वापस उसी मार्ग से श्री दिगम्बर जैन मंदिर पहूँची। शोभा यात्रा के दौरान जगह-जगह जैन धर्मावलंबियों द्वारा भगवान आदिनाथ की पूजा अर्चना की गई। जय स्तम्भ चौक पर विधायक विवेक विक्की पटेल, पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, पार्षद प्रवीण डोंगरे, पार्षद मोनू लिमजे, भूतपूर्व पार्षद विवेक विक्की एडे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भगवान आदिनाथ की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया।

दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष मुकेश मॉडल ने बताया कि पर्यूषण पर्व जैन धर्म में आत्म शुद्धि और आत्म कल्याण का पर्व माना जाता है। इस पर्व के अंतिम दिन मैत्री दिवस मनाया गया। जिसमें समाज के लोगों ने एक-दूसरे से वर्ष भर में हुई भूल चूक के लिए क्षमा मांगी। यह पर्व आत्म परिवर्तन और अहिंसा के संदेश को जन जन तक पहुंचाने का माध्यम है। इन सभी कार्यक्रमों में चातुर्मास अध्यक्ष अजीत जैन, श्रीमती सुनीता मॉडल, कोषाध्यक्ष प्रदीप पाइया, सचिव आलोक जैन, संजय कासल, प्रदीप पायल एवं समाज के सभी वर्गों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ है।

### डिलेश्वरी प्रथम व स्वाति ने पाया द्वितीय स्थान

## रेड रन 80 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नेशनल एड्स कन्ट्रोल ऑर्गनाइजेशन (एनएसीओ), मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल (एमपीएसएसीएस) एवं जिला एड्स नियंत्रण समिति बालाघाट के पत्र एवं निर्देशानुसार 08 सितम्बर 2025 को शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में संचालित रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान अंतर्गत रेड रन प्रतियोगिता कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0 एस0 गेड़ाम के मार्गदर्शन एवं रेड रिबन क्लब प्रभारी कृष्णा पराते के नेतृत्व तथा एनएसएस एवं रेड रिबन क्लब के सदस्यों के सहयोग से आयोजित किया गया।

एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान अंतर्गत रेड रन प्रतियोगिता का उद्देश्य एचआईवी ग्रस्त लोगों को उनके अधिकारों की सुरक्षा एवं समावेशिता को बढ़ावा देने तथा उनके साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त करने और एचआईवी से बचाव व रोकथाम हेतु समाज एवं युवा वर्ग में जागरूकता लाना है। रेड रिबन क्लब सदस्यों के सहयोग एवं इस प्रतियोगिता के माध्यम से एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता हेतु महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं तथा सामान्यजनों को प्रेरित करने हेतु संकल्प लिया गया तथा जागरूकता अभियान को डिजिटल प्लेटफार्म एवं सोशल मीडिया का उपयोग कर जागरूकता अभियान में व्यापक भागीदारी सुनिश्चित किये जाने हेतु अभियान में उपस्थित सभी 62 सदस्यों को प्रेरित किया गया।

रेड रन प्रतियोगिता की शुरूआत एचआईवी एड्स से संबंधित नारों के साथ प्रारंभ की गयी, जिसमें लगभग 43 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। रेड रन प्रतियोगिता 800 मीटर की दौड़ में डिलेश्वरी लिल्हारे बी0एससी0 द्वितीय वर्ष ने प्रथम, स्वाति चिखले बी0 एस सी0 द्वितीय वर्ष ने द्वितीय एवं वीणा सेवईवार बी0 ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रेड रन प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## विधिक जागरूकता शिविर में विद्यार्थियों को दी गई जानकारी

**वारासिवनी।** तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के तत्वाधान में एक निजी शिक्षण संस्था में न्यायाधीश श्रीमती दिव्या सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी वारासिवनी की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को पास्को अधिनियम यानी लैंगिक अपराधों से बालकों का सरंक्षण अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए श्रीमती सिंह ने बताया कि यह अधिनियम बाल यौन शोषण से संबंधित कानून है और आज का यह जागरूकता शिविर बाल यौन शोषण से संबंधित कानूनों से अवगत कराने के लिये आयोजित किया गया है। शिविर में बच्चों को ''अच्छा और बुरा स्पर्श'' यानी गुड टच एण्ड बैड टच की पहचान करना, बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिये उनके अधिकारों के बारे में बताने और इस संबंध में कानूनी प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

## अस्थायी व अंशकालीन कर्मचारियों ने 4 सूत्रीय मॉगों का ज्ञापन सौंपा

### समान वेतन, नियमितिकरण, सामाजिक सुरक्षा व स्पष्ट सेवा शर्ते लागू करने की मॉग की



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** ग्राम पंचायतों में कार्यरत पंचायत चौकीदार, चपरासी, सफाईकर्मी एवं पंप आपरेटर आदि अस्थायी कर्मचारियों ने सेवा शर्तो का निर्धारण, समान काम-समान वेतन सिद्धांत के अंतर्गत न्यूनतम वेतनमान भुगतान तथा सर्वोच्च न्यायालय के हालिया आदेश के पालन के संबंध में आऊटसोर्स, अस्थायी, अंशकालीन, ग्राम पंचायत कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जनपद पंचायत वारासिवनी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिया है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम के ज्ञापन को बड़े बाबू अशोक पांडे को सौपते हुए इन कर्मचारियों ने बताया कि वह वर्षो से पंचायत में काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें आज भी प्रति माह 2 से 3 हजार रुपये का मानदेय मिल रहा हैं। यह मानदेय भी समय पर प्राप्त नहीं होता हैं। जो संविधान प्रदत्त अनुच्छेद 14, 16 एवं 21 का उल्लंघन हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी सिविल अपील नम्बर 8558/ 2018 में 19 अगस्त 2025 को आदेश दिया हैं कि लंबे समय से कार्यरत अस्थायी/संविदा कर्मचारियों से नियमित कार्य लेना शोषण है, राज्य एवं केन्द्र सरकारें केवल बाजार सहभागी नहीं, बल्कि संवैधानिक नियोक्ता हैं, समान कार्य करने वाले अस्थायी कर्मियों को नियमित कर्मचारियों के समान वेतनमान एवं सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान किया जाना आवश्यक हैं। इन कर्मचारियों ने अपने ज्ञापन में पंचायत चौकीदार, चपरासी, सफाईकर्मी, पंप आपरेटर आदि कर्मचारियों का वर्ग निर्धारण कर नियमितिकरण करने, समान काम-समान वेतन सिद्धांत के अंतर्गत सम्मानजनक न्यूनतम वेतनमान प्रदान करने, हमारी सेवा-शर्तो का स्पष्ट निर्धारण शासन स्तर पर करने एवं सामाजिक सुरक्षा लाभ ईपीएफ, पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना बीमा आदि तत्काल उपलब्ध कराने की मॉग की है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई हैं कि यदि शीघ्र मॉगों को पूरा नहीं किया गया, तो उग्र आंदोलन किया जायेगा।

### शिकायत के बावजूद नपा व पुलिस विभाग नहीं कर रहा पीड़ित का सहयोग

## व्यवसायिक प्रतिद्वंदिता के कारण पड़ोसी दुकानदार कर रहा परेशान

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



व्यवसायिक प्रतिद्वंदिता के चलते अपने पड़ोसी को परेशान करने का मामला सामने आया हैं। इस मामले में पीड़ित दुकानदार द्वारा पहले नगरपालिका परिषद वारासिवनी में लिखित शिकायत की, उसके बाद सीएम हेल्पलाईन में शिकायत की और पुलिस थाने में शिकायत दर्ज नहीं करने पर एसडीएम वारासिवनी को लिखित शिकायत देकर सहयोग की मॉग की हैं।

मामला आंबेडकर चौक के पास बने हुए नगरपालिका काम्प्लेक्स की दुकानों का हैं। इस काम्प्लेक्स में अंकित फुट वेयर और फैन्सी फुट वेयर की दुकाने आसपास हैं। अंकित फुट वेयर के संचालक अंकित आहूजा ने बताया कि उनके पड़ोसी दुकानदार मनोज दलवानी द्वारा जानबूझकर सडक्र के पास सामान रख दिया जाता हैं और बरसात के पानी को आगे जाने से रोकने के लिए ईंटे रख दिये जाते है। जिससे बरसात का पानी उनकी दुकान में आता हैं। वहीं सामान सामने रखने से उनकी दुकान भी उपभोक्ताओं को दिखाई नहीं देती हैं। इस संबंध में उनसे पिछले 2 वर्षो से अनुनय विनय की जा रही है, लेकिन उनके द्वारा हमें धमकाया जाता हैं और जो बनता हैं, वह कर लो कहा जाता हैं।

पीड़ित अंकित आहूजा ने बताया कि इस संबंध में उनके द्वारा 3 जुलाई 2023 को मय फोटोग्राफ के नगरपालिका परिषद वारासिवनी में लिखित शिकायत की गई थी। नगरपालिका द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करने पर उनके द्वारा सीएम हेल्पलाईन में शिकायत की गई। जिसे भी नगरपालिका के कर्मचारियों द्वारा दबा दिया गया। इस मामले की शिकायत करने जब वह पुलिस थाना वारासिवनी गए, तो उन्हें कहा गया कि जब तक लड़ाई झगड़ा नहीं होता हैं, तब तक कोई शिकायत नहीं लिखी जा सकती हैं।

पीड़ित श्री आहूजा ने बताया कि इस संबंध में उनके द्वारा 8 सितम्बर 25 को एसडीएम वारासिवनी को लिखित शिकायत की गई हैं। जिसमें उन्होंने एसडीएम साहब से इस परेशानी से छुटकारा दिलाने का अनुरोध किया हैं। उन्होंने कहा कि वह अपने पड़ोसी की हरकतों से बेहद परेशान हैं और उनके व्यापार पर भी विपरीत असर पड़ रहा हैं। उन्होंने अधिकारियों से अनुरोध किया हैं कि वह उनकी समस्या को हल कर उन्हें राहत दिलाये।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में दो घायल

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के खुर्सीपार गांव के पास रात को एक सड़क हादसा हुआ। दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो किसान घायल हो गए। घायलों में मेहगांव निवासी 40 वर्षीय झाम सिंह यादव और झुरकी निवासी 35 वर्षीय समन बरकड़े शामिल हैं। हादसे के समय एक बाइक घंसौर से भिलाई की तरफ जा रही थी, जबकि दूसरी बाइक घंसौर से खापा की तरफ। खुर्सीपार गांव के पास दोनों बाइक टकरा गईं। : प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस चालक संदीप श्रीवास्तव ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद झाम सिंह की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

# जंगल राजा के बस के यात्रियों को हुये दीदारे

**सिवनी में केवलारी से उगली मार्ग पर एक अनूठी घटना सामने आई। रानी ताल क्षेत्र में सोमवार को एक बाघ यात्री बस के साथ कुछ दूर तक चलता रहा। जिसका वीडियो मंगलवार को सामने आया है।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

वन विभाग की ओर से लगाई गई फेंसिंग बाघ के लिए बाधा बन गई। वह फेंसिंग के बाहर आ गया था। बाघ बस के साथ-साथ चलता रहा और जंगल में वापस जाने का रास्ता ढूंढता रहा।
पेंच नेशनल पार्क में पर्यटक बाघ के दर्शन के लिए हजारों रुपए खर्च करते हैं। कई बार सफारी में भी बाघ नहीं दिखता लेकिन इस बार बस यात्रियों को बिना किसी अतिरिक्त खर्च के बाघ देखने का मौका मिल गया। बस में सवार यात्रियों ने इस अनुभव को रोमांचक बताया। उन्होंने कहा कि सफारी में जो आनंद नहीं मिलता, वह इस यात्रा में मिल गया। यात्रियों ने इस दुर्लभ नजारे का वीडियो भी बनाया।
केवलारी निवासी राजू डेहरिया का कहना है कि सिवनी जिले के दक्षिण सामान्य वन मंडल के केवलारी वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले कुम्हड़ा बीट क्षेत्र जंगल से घिरा हुआ है। जहां कई बार बाघ के अलावा अन्य वन्य प्राणी भी देखने को मिल जाते हैं। केवलारी वन परिक्षेत्र अधिकारी गौरव वानखेड़े का कहना है कि यह पेंच नेशनल पार्क और कान्हा नेशनल पार्क कारीडोर एरिया है। जहां वन्य जीवों की मौजूदगी अधिक रहती है। और बाघ का मूमेंट बना रहता है।



# अच्छी खबर:शहर को मिलेगा मिनी स्टेडियम

## खिलाड़ी और खेल प्रेमियों को विधायक ने किया आस्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जनसुनवाई के दौरान किदवई वार्ड के पार्षद चंदन खाताबिया के साथ खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी विधायक दिनेश राय से भेंट की। खेल मैदान की समस्या को अवगत कराया। विधायक ने भी शहर में एक मिनी स्टेडियम के लिए आस्वस्त किया। पार्षद चंदन सिंह खताबीया ने बताया कि शहर में खेल प्रेमी और खिलाड़ी बहुत हैं।
जिनके लिए मैदान की समस्या है। सभी ने मिलकर किदवई वार्ड में स्थित फिल्टर मैदान को मिनी स्टेडियम बनाने का निर्णय लिया है। जिसे लेकर वे सब लोग विधायक श्री राय से भेंट की। विधायक ने कहा है कि मेरी विधानसभा में एक मिनी स्टेडियम बनना प्रस्तावित है, शासन की स्वीकृति आते ही इसे मूर्त रूप दिया जाएगा। इसमें अगर लेट लती$फी होती है तो किसी अन्य मद से स्टेडियम बनाया जाएगा। भेंट करने वालों में पवन मेहंदीरत्ता, संदेश तिवहन, अरशद खान, कमल माना ठाकुर,नीरु निर्मलकर, गन्नू मानाठाकुर, सतीश चिनटोले, नवीन विश्वकर्मा सहित खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी सम्मिलित हुए।

# प्रदेश संघठन के आव्हान पर मध्य प्रदेश के समस्त रोजगार सहायक एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर

**सिवनी जिले की जनपद पंचायत धनौरा के समस्त सहायक सचिवो ने प्रदेश संघठन के आव्हान पर मध्य प्रदेश के समस्त रोजगार सहायक एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रह कर अपनी मांगों को लेकर जनपद सीईओ के माध्यम से कलेक्टर एवं मनरेगा आयुक्त भोपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिसमें जनपद पंचायत धनोरा जिला सिवनी में भी जीआरएस संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राकेश पंद्रे के नेतृत्व में जनपद में उपस्थिति होकर जनपद सीईओ ओमकार ठाकुर एवंएपीओ भूपेंद्र राजपूत को सामूहिक रूप से ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन हेतु ब्लॉक अध्यक्ष राकेश पंद्रे ब्लॉक उपाध्यक्ष हरिश्चंद सल्लाम, कुलदीप राय,चंद्रमोहन शाक्यवार, हरलाल मरावी, मुंशीदास गंगवाल , मनेन्द्र सिहोसे, प्रेम सिंह नायक, प्रेम सिंह उइके, शैलेंद्र सेन, समन सिंह मर्सकोले, विष्णु साहू, राजपाल मरावी, सुनील यादव, बलदेव यादव सहित अन्य जीआरएस सहायक सचिव उपस्थिति रहे।

# कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ पर पुनः कार्यवाही करते हुये गांजा की तस्करी करते एक व्यक्ति हुआ गिरफ्तार

**जिले में बढ़ रही मादक पदार्थ की तस्करी को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक सुश्री सिमाला प्रसाद ने शख्त कदम उठाते हुये विगत दिवस जिला स्तर पर एक पुलिस टीम का गठन किया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति पूजा पाण्डे के निर्देशन में दिनांक 08-09-2025 को थाना प्रभारी कोतवाली सिवनी किशोर बामनकर के नेतृत्व में सर्वांन दिनेश रघुवंशी कटंगी रोड ब्रिज के पास रेल्वे स्टेशन रोड सिवनी में विदेश उर्फ प्रदीप मानाठाकूर पिता बडूनलाल मानाठाकुर उम्र-42 वर्ष निवासी कुचबुंदिया मोहल्ला गंज वार्ड सिवनी को 2 किलो 069 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गाजा को बेचने के इरादे से ग्राहक का इंतजार करते ग्रे काले रंग की एक्टीवा गाडी क्रमांक MP22Z.C7240 की डिक्की में रखे एवं मादक पदार्थ गांजा रखने के संबंध में कोई दस्तावेज ना होने से आरोपी विदेश उर्फ प्रदीप मानाठाकुर को रंगे हाथ गिरफ्तार कर थाना कोतवाली सिवनी में अप.क्र. 757/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट 49.3(5) बी.एन. एस. का मामला पंजीबद्ध करके विवेचना में लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी विदेश उर्फ प्रदीप मानाठाकुर से मादक पदार्थ गांजा की तस्करी से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पुछताछ कर जानकारी एकत्रित कर कार्यवाही की जा रही है। सिवनी पुलिस की अवैध मादक पदार्थ का व्यापार करने वाले आरोपियों पर लगातार नजर बनी हुई है, जो सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु पुलिस हमेशा तैयार है।
गिरफ्तार आरोपी विदेश उर्फ प्रदीप मानाठाकुर पिता बड्डूनलाल मानाठाकुर उम्र-42 वर्ष निवासी कुचबुंदिया मोहल्ला गंज वार्ड सिवनी
जब्त मशरूकाः-01. 2 किलो 069 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा किमती 30,000/- रूपये 02. प्रेग्रे काले रंग की एक्टीवा गाडी क्रमांक-MP22Z.C7240 कीमती 50,000/- रुपये 03. आरोपी विदेश उर्फ प्रदीप मानाठाकुर से रियलमी कंपनी का एक मोबाईल कीमती 10,000/- रुपये।

### सराहनीय कार्य

थाना प्रभारी कोतवाली सिवनी किशोर बामनकर सउनि दिनेश रघुवंशी, प्र.आर. बोगेश राजपूत, शेखर बघेल, अमर उइके, परवेज सिद्दीकी, आरक्षक अमित रघुवंशी, सुधीर डेहरिया, प्रतीक बघेल, सिध्दार्थ दुबे,. पकज सोलंकी, मजहर कुरैशी, का विशेष योगदान रहा।

# 181 की शिकायत वापस लेने दे रहे धमकी

## केवलारी में पत्रकार संघ ने कार्यवाही हेतु सौंपा ज्ञापन

**जिले में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी और ठेकेदार इन दिनों लगातार चर्चा में हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

ताजा मामला केवलारी अनुविभाग का है,जहां लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एसडीओ राजगुरु चौबे पर एक शिकायतकर्ता को धमकाने का आरोप लगा है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत, अधिकारी दे रहा धमकी

मामला केवलारी का है जहां विगत कई महीनों से अखबार की सुर्खियों में रही डोभ-खरसारु मार्ग और पुलिया निर्माण का है जहां रोड निर्माण एवं पुलिया निर्माण में हुई अनियमितताओं को लेकर पत्रकार प्रवीण दुबे द्वारा समाचार प्रकाशित किया गया था साथ ही लिखित और 181 पर शिकायत दर्ज कराई थी। उनकी शिकायत के बाद, तत्कालीन एसडीओ शिव शंकर चौकसे ने ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 11 लाख रुपए की कटौती की थी। शिकायतकर्ता प्रवीण दुबे के मुताबिक, इस कार्रवाई के तुरंत बाद तत्कालीन एसडीओ शिवशंकर चौकसे का स्थानांतरण हो गया और उनकी जगह राजगुरु चौबे को प्रभारी एसडीओ बना दिया गया। आरोप है कि राजगुरु चौबे तब से लगातार पत्रकार प्रवीण दुबे को धमका रहे हैं और उन पर 181 में दर्ज शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहे हैं।



### झूठी एफआईआर ,मकान में जेसीबी चलाने की दी गई धमकी

प्रवीण दुबे ने बताया कि डोभ खरसारू सड़क निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है जिसकी शिकायत करने पर उन्हें विभाग के ही अधिकारी लगातार शिकायत वापस लेने का दबाव बना रहे थे।
प्रभारी एसडीओ चौबे और ठेकेदारों की जुगलबंदी के चलते कई झूठे दस्तावेज बनवाकर मूल्यांकन से अधिक का भुगतान करने की तैयारी की जा रही थी परंतु जागरूक पत्रकार द्वारा इस पूरे भ्रष्टाचार की पोल खोल दी गई और मजबूरन ठेकेदार से लगभग 11 लाख से अधिक की कटौती की गई। इस घटना के बाद से ही अधिकारियों द्वारा शिकायतकर्ता से शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है और शिकायत वापस न लेने पर झूठी एफआईआर दर्ज कराने और जान से मारने की धमकी दी जा रही है।

### सरकार की छवि धूमिल कर रहे प्रभारी एसडीओ चौबे

लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एसडीओ राजगुरु चौबे का यह व्यवहार किसी अधिकारी की तरह नहीं, बल्कि एक गुंडे की तरह है। इस संबंध में एसडीओ और शिकायतकर्ता के बीच हुई बातचीत का एक ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एसडीओ की धमकी साफ सुनी जा सकती है। इस घटना से मुख्यमंत्री मोहन यादव की प्रभावशाली सीएम हेल्पलाइन योजना पर भी सवाल उठ रहे हैं और सरकार की छवि धूमिल हो रही है।
शिकायतकर्ता प्रवीण दुबे ने इस पूरे मामले की शिकायत श्रमजीवी पत्रकार संघ केवलारी द्वारा पुलिस के साथ-साथ एसडीएम केवलारी और जिला कलेक्टर सिवनी से भी की है। उम्मीद जताई है कि जिम्मेदार अधिकारियों पर उचित कार्रवाई होगी।

### एएनएम भर्ती अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ परीक्षण हेतु बुलाया गया

हरिभूमि न्यूज सिवनी। उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर रिट पिटिशन क्रमांक 5747/2023 तथा संबंधित अन्य याचिकाओं पर पारित आदेश के पालन में जिले में एएनएम भर्ती की प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ परीक्षण हेतु बुलाया गया है। कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित समूह-5 अंतर्गत ए.एन.एम. (महिला बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता) पद हेतु सीधी भर्ती की संयुक्त परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले तथा प्रतीक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने सभी मूल दस्तावेज़ों सहित 09 से 13 सितम्बर 2025 तक कार्यालयीन समय में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के समक्ष अनिवार्य रूप से उपस्थित हों।

# ग्राम पंचायत नंदौरा में निकला कोबरा सर्प, ग्रामीणों में दहशत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

विकासखंड सिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत नंदौरा के ग्राम जमुनिया निवासी राजाराम सनोडिया के घर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब घर की दीवारों के बीच एक किंग कोबरा दिखाई दिया। अचानक हुए इस घटनाक्रम से परिजन और आसपास के लोग दहशत में आ गए। सूचना मिलते ही सर्प मित्र प्रवीण तिवारी मौके पर पहुंचे और करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कोबरा को सुरक्षित तरीके से दीवार से बाहर निकालने में सफल रहे। इसके बाद सर्प को बरनी में भरकर दूर जंगल में छोड़ दिया गया। गांववालों ने राहत की सांस ली और प्रवीण तिवारी के साहस और प्रयास की सराहना की।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 171 आवेदन

सिवनी। प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय सहित सभी विभागों के प्रमुख उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन द्वारा आमजन से प्राप्त विभिन्न शिकायतों एवं आवेदनों की गंभीरता से सुनवाई की गई तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। कलेक्टर सुश्री जैन ने कहा कि प्रत्येक प्रकरण का समाधान समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके। जिलास्तरीय जनसुनवाई में तहसील सिवनी अंतर्गत ग्राम कान्हीवाडा निवासी जुबेदा बी द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने विषयक, तहसील कुरई अंतर्गत ग्राम पीपरवानी निवासी संतोष ठाकरे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम जमुनिया थाना बंडोल निवासी रितेश पुसू द्वारा जंगली जंतुओं द्वारा नष्ट हुई फसल का मुआवजा दिलाये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत संजय कालोनी छपारा निवासी आबिद खान द्वारा सुलभ शौचालय की राशि दिलाये जाने विषयक, केवलारी निवासी मनीराम नागोत्रा द्वारा निराश्रित पेंशन दिलाये जाने विषयक, ग्राम चुरनाटोला इंदावाडी सिवनी निवासी धानू मरकाम द्वारा वृद्धापेंशन दिलाये जाने एवं आधार कार्ड अपडेट कराये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी पार्वती बाई मरकाम द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन पुनः प्रारंभ कराये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम भरदा निवासी सुशीला उइके द्वारा आंगनवाडी भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदाय किये जाने विषयक, सिवनी निवासी जय कुमार नागोत्रा द्वारा आधार कार्ड में जन्म दिनांक सुधार कराये जाने विषयक, तहसील बरघाट अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3 निवासी ममता यादव द्वारा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना एवं अंत्येष्टि सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम मुंगवानीकला सिवनी निवासी मुनेश ठाकुर द्वारा फसल नुकसानी की मुआवजा राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम धनककडी लखनादौन निवासी विजय नाथ द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की शेष बची किश्त दिलाये जाने विषयक, ग्राम बांद्रा थाना बंडोल निवासी संतोष निरवेती द्वारा शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाये जाने विषयक, ग्राम विजयपानी सिवनी निवासी फिरदोस खान द्वारा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम समनापुर केवलारी निवासी कृष्ण कुमार डेहरिया द्वारा विद्युत ट्रोसफार्मर लगाये जाने विषयक, इंदिरावार्ड केवलारी निवासी संतकुमार यादव द्वारा मुख्यमंत्री संबल योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम सिल्लोर कुरई निवासी संजय मरकाम द्वारा ग्राम कोहका में विद्युत प्रदाय किये जाने विषयक, ग्राम बदलापुर कुरई निवासी कंचन सिंह कहार द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाये जाने विषयक, तहसील घंसौर अंतर्गत ग्राम बीजासेन निवासी कमलेश गिरी गोस्वामी द्वारा भूमि की ऋण पुस्तिका दिलाये जाने विषयक, सिवनी निवासी साधना मरकाम द्वारा आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम ढाना हथनापुर सिवनी निवासी सवेरी लोधी द्वारा लाडली बहना योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक सहित कुल 171 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

## समय-सीमा बैठक मे कलेक्टर ने दिये निर्देश

# अपेक्षित प्रगति न होने पर एसडीओ लखनादौन को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अनुविभागीय अधिकारी सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।
कलेक्टर सुश्री जैन ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत नॉट अटेंड न रहे। अधिक शिकायत वाले विभाग आवेदकों को कार्यालय बुलाकर प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करें और नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व विभाग के न्यायालयीन प्रकरणों सहित नामांतरण, अभिलेख सुधार एवं बंटवारे जैसे लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। तहसीलदारों को सतत निरीक्षण कर उचित मूल्य दुकानों, उर्वरक केंद्रों, स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों की स्थिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।
कृषि विभाग को बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता मांग अनुरूप सुनिश्चित करने तथा यूरिया, डीएपी व एनपीके की अग्रिम मांग प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। निजी कृषि आदान दुकानों की जांच कर कालाबाजारी व अमानक सामग्री विक्रय पाए जाने पर कठोर कार्रवाई करने पर भी बल दिया गया। जलजीवन मिशन की अपेक्षित प्रगति न होने पर एसडीओ लखनादौन को कारण बताओ नोटिस जारी करने और नलजल योजनाओं को तय समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु पीएचई एवं जल निगम को निर्देशित किया गया।
बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन तथा आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्यों की भी समीक्षा हुई। कलेक्टर ने गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्यों के साथ सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में वाटर हार्वेस्टिंग कार्य अनिवार्य रूप से कराने पर जोर दिया।
धरती आबा अभियान अंतर्गत आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जनधन खाते जैसी मूलभूत योजनाओं का पात्रों को लाभ देने के निर्देश के साथ ही पेंशन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभांवित करने के निर्देश दिए।
70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों हेतु जिला अस्पताल एवं निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड बनाने की विशेष व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने मिशन जीवन पर्यंत 2.0 के अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्रवार शिविर आयोजित कर छूटे हुए हितग्राहियों को लाभांवित करने और अटल पेंशन योजना से जोड़ने के भी निर्देश दिए।

### आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत धनौरा में दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय ओरियेंटेशन बीएलओ एवं कार्यशाला का आयोजन

सिवनी । विकासखंड अधिकारी धनौरा ने बताया कि आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत विकासखंड स्तरीय ओरियेंटेशन बीएलओ एवं कार्यशाला का आयोजन दिनाँक 02/09/2025 से 03/09/2025 तक तहसीलदार धनौरा की अध्यक्षता में दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया गया ।
इस योजना के तहत धरती आबा के चयनित 50 ग्रामों में आदि सेवा केन्द्र स्थल का चयन कर प्रत्येक ग्राम में आदि सेवा केन्द्र के रूप में स्थापित किया जाना है। डीएमटी पियूष बोपचे द्वारा बताया गया कि प्रत्येक ग्राम हेतु ग्राम कार्य योजना तैयार कराई जाकर विकासखण्ड स्तरीय कार्ययोजना का निर्माण किया जाना है। धरती आबा में चयनित ग्रामों को क्लस्टर में बॉटकर प्रत्येक क्लस्टरों में बैठक का आयोजन किया जाना है, जिसमें ग्राम के सभी विभागों के अधिकारी/कर्मचारी बैठक में उपस्थित रहेंगे। इसमें बीएमटी ग्राम स्तरीय कार्ययोजना हेतु प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण उपरांत ग्राम स्तर के सभी विभागों के प्रतिनिधि, जनजातीय समुदाय, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवकों के सहयोग से ग्राम के विकास की कार्ययोजना तैयार करेंगे एवं सभी विभाग के कर्मचारी ग्राम की आवश्यकताओं को जानने के लिये समुदाय के साथ ग्राम में ट्रांजिट वॉक करेंगे, एवं सभी मिलकर ग्राम का विजन प्लान तैयार करेंगे। डीएमटी पियूष बोपचे द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला में विविध गतिविधियों के माध्यम से जिला स्तर से जारी कार्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण प्रदान किया गया जो रोचक एवं प्रभावी रहा। इस कार्यशाला में मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धनौरा नोडल अधिकारी आदि कर्मयोगी अभियान, विकासखंड अधिकारी धनौरा सहायक नोडल अधिकारी बीएमटी आदि कर्मयोगी अभियान, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, मनरेगा सहायक नोडल अधिकारी आदि कर्मयोगी अभियान, बद्री सराठे बीएमटी एवं अन्य सभी बीएमटी आदि कर्मयोगी अभियान द्वारा उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को आदि कर्मयोगी अभियान से अवगत कराया।

### बगैर योग्यता के एलोपेथिक पद्धति से मरीजों का उपचार करने का मामला

# मोहगांव के डॉ. संजय राय का चांदसी दवाखाना किया गया सील

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बगैर योग्यता के एलोपेथिक पद्धति से मरीजों का उपचार करने के मामले में बिरसा तहसील के अंतर्गत ग्राम मोहगांव बस स्टैण्ड स्थिति डॉ. संजय राय द्वारा संचालित चांदसी दवाखाना को सीलबंद कर दिया है। उसके क्लीनिक से एलोपेथिक दवाएँ जब्त करने के साथ ही थाना प्रभारी मलाजखंड को डॉ. संजय राय के विरूद्ध मप्र आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम के उल्लंघन में वैधानिक कार्यवाही करने कहा गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि डॉ.निशांत नंदा गौली, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जिला बालाघाट के नेतृत्व में डॉ.ऋद्धा सिंह सहायक सांख्यिकीय अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट, श्री मनोहर सरयाम राजस्व निरीक्षक तहसील बिरसा एवं उप निरीक्षक श्री मनोज कुमार थाना मलाजखण्ड के संयुक्त जांच दल द्वारा दिनांक 30 अगस्त 2025 को अपराह्न 04:30 बजे श्री एस.के.राय द्वारा न्यू बस स्टेण्ड स्थित नगरपालिका कॉम्प्लेक्स ग्राम मोहगांव तहसील बिरसा, जिला-बालाघाट (म.प्र.) में संचालित चांदसी दवाखाना का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि श्री संजय रॉय द्वारा B.E.H.M.I.H.&R.C. भोपाल से माह मार्च 2013 में बेचलर ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपेथी मेडिसिन एण्ड सर्जरी की योग्यता प्राप्त की है, जिसका प्रमाण-पत्र काऊंसिल ऑफ इलेक्ट्रो होम्यापैथीक सिस्टम ऑफ मेडिसिन भोपाल द्वारा दिनांक 03 नवम्बर 2014 को प्रदाय किया गया है।



श्री संजय रॉय ने इस बेचलर ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपेथी मेडिसिन एण्ड सर्जरी की योग्यता का काऊंसिल ऑफ इलेक्ट्रो होम्यापैथीक सिस्टम ऑफ मेडिसिन भोपाल में दिनांक 03 नवम्बर 2014 को ही पंजीयन कराया है, जिसका पंजीयन क्रमांक 26283 है। श्री संजय रॉय को उसकी बेचलर ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपेथी मेडिसिन एण्ड सर्जरी योग्यता के अनुरूप कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट द्वारा 22 दिसम्बर 2022 को इलेक्ट्रो होम्योपेथी चिकित्सा पद्धति में चिकित्सकीय कार्य किये जाने की अनुमति प्रदान करते हुये लेख किया गया है कि इलेक्ट्रो होम्योपेथी चिकित्सा पद्यति के अलावा अन्य किसी भी पेथी में चिकित्सकीय कार्य करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

जांच दल द्वारा श्री संजय रॉय के क्लीनिक का आकस्मिक निरीक्षण करने पर उसके टेबल के एक ड्रावर में एलोपैथिक औषधियां एवं इंजेक्शन पाए गए। जिसमें जेंटामाईसिन सल्फेट, डेक्सामेथासोन, सोडियम फास्फेट, फेनेरियामाईन, वोमिकांड इंजेक्शन, विटामिन-सी इंजेक्शन, पैरासिटामॉल एम्पुल, रेनिटिडाईन एसीलॉक, बीटाडाईन साल्यूशन, विटामिन-बी कॉपलेक्स इंजेक्शन एवं अन्य एलोपेथिक दवाएँ शामिल है। मौके पर पायी गई समस्त एलोपैथिक औषधियों को सीलबंद कर जांच दल द्वारा अपनी अभिरक्षा में लिया गया है।

इस प्रकार श्री संजय रॉय द्वारा राज्य शासन की मान्यता प्राप्त अर्हता प्राप्त किये बिना रोगियों का एलोपैथिक चिकित्सा पदति से उपचार कर अवैद्य रूप से चिकित्सा व्यावसाय करने पर उसके विरूद्ध मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद अधिनियम 1987 के तहत वैद्यानिक कार्यवाही करने मलाजखंड थाना प्रभारी को पत्र लिखा गया है।

# पौधारोपण के दौरान दो पक्षों में झड़प, क्रॉस केस दर्ज



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में वनाधिकार पट्टे को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्राम पंचायत जगला में पौधारोपण के दौरान दो पक्षों में झड़प हो गई। बिरसा पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज किया है।

एक तरफ आदिवासी पक्ष की शिकायत पर राजेन्द्र बिसेन, सालिक यादव, वन सुरक्षा समिति सहसचिव प्यारेलाल सूर्यवंशी, वनाधिकार समिति सदस्य सुशील यादव और हेमलाल सूर्यवंशी के खिलाफ एट्रोसिटी का मामला दर्ज किया गया है।

सरपंच रामप्रसाद धुर्वे के अनुसार, तीन आदिवासियों को 10, 20 और 30 डिसमिल का वनाधिकार पट्टा दिया गया था। उन्होंने इसमें हेराफेरी कर इसे हेक्टेयर में बदल दिया। इससे गांव का चारागाह प्रभावित हुआ है।

कलेक्टर ने वनाधिकार में संशोधन किया, लेकिन हितग्राहियों ने कमिश्नर से स्टे प्राप्त कर लिया। बाद में आयुक्त को आवेदन कर संशोधन पट्टा लाकर स्टे निरस्त कराया गया।

27 जुलाई को वनक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 1650 में पौधारोपण के लिए फेसिंग और गढ्ढे खोदने का काम चल रहा था। इस दौरान आदिवासी संगठन के लोगों ने फेसिंग को नुकसान पहुंचाया और विवाद हुआ।

थाना प्रभारी रेवलसिंह बरडे ने बताया कि घटना की वीडियो जब्त कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी पर निष्पक्ष कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है।

### जिले के 226 हितग्राहियों के खाते में जमा हुई 04.84 करोड़ रुपये की राशि

**बालाघाट**। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 09 सितंबर 2025 को मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के तहत अनुग्रह सहायता राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में हस्तांतरण किया। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष में दिखाया गया। जिसमें अपर कलेक्टर श्री जी. एस. धुर्वे, श्रम पदाधिकारी राकेश ठाकरे एवं संबंल योजना के हितग्राही उपस्थित थे।संबंल योजना के बालाघाट जिले के 226 प्रकरणों में कुल 4.84 करोड़ रुपये की सहायता राशि अंतरित की गई है। जिसमें सामान्य मृत्यु के 203 प्रकरणों में 4.06 करोड़ रुपये, दुर्घटना मृत्यु के 18 प्रकरणों में 72 लाख रुपये, स्थाई अपंगता के 1 प्रकरण में 2 लाख रुपये और आंशिक अपंगता के 4 प्रकरणों में 4 लाख रुपये शामिल हैं।

# 4 महीने से नहीं मिला खाद्यान्न, विशेष भोज का भी भुगतान अटका

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में आंगनबाड़ी और स्कूलों में मध्यान्ह भोजन का संचालन कर रहे स्वसहायता समूहों की महिलाएं परेशान हैं। मई से खाद्यान्न की आपूर्ति नहीं होने से महिलाएं उधार और जेवर गिरवी रखकर बच्चों को भोजन कराने को मजबूर हैं।



प्रांतीय स्वसहायता समूह रसोईयां महासंघ की महिलाओं ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपनी समस्याएं रखीं।

जिलाध्यक्ष कविता लाड़े ने बताया कि आंगनबाड़ी में पोषण आहार योजना के तहत मई से खाद्यान्न नहीं मिला है। रसोइयों को सिर्फ 500 रुपए मासिक वेतन दिया जा रहा है।

15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर स्कूली बच्चों और लोगों को विशेष भोज कराया गया। इसके बिल का भी सिर्फ 20-25 प्रतिशत भुगतान किया गया है। जिलाध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि अगर स्थिति नहीं सुधरी तो वे काम बंद कर हड़ताल पर चली जाएंगी।

उन्होंने कहा कि या तो शासन-प्रशासन समय पर सामग्री और भुगतान करे या फिर इस योजना को बंद कर दे। महिलाओं का कहना है कि वे अपने संसाधनों से कब तक बच्चों को भोजन कराती रहेंगी।

# महाबोधि महाविहार बौद्धगया बौद्ध अनुयायियों की आस्था का केन्द्र : विधायक भगत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने बालाघाट नगर के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में महाबोधि महाविहार, बोधगया की रक्षा एवं प्रबंधन के अधिकार को लेकर चल रहे आंदोलन में शामिल होकर बौद्ध समाज को अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि महाबोधि महाविहार केवल बिहार या भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण विश्व के करोड़ों बौद्ध अनुयायियों की आस्था और श्रद्धा का केन्द्र है। विगत एक वर्ष से देशभर में बौद्ध समाज इस विषय को लेकर आंदोलनरत है और अपने ही धर्मस्थल के संचालन एवं अधिकार की मांग कर रहा है। बालाघाट जिले से लेकर देश के विभिन्न राज्यों तक यह आवाज लगातार बुलंद की जा रही है। इस पर बिहार सरकार एवं केन्द्र सरकार को तत्काल संज्ञान लेना चाहिए। विधायक भगत ने कहा कि जिस प्रकार मंदिरों का संचालन पुजारी, मस्जिदों का संचालन मौलवी, चर्चों का संचालन पादरी और गुरुद्वारों का संचालन ग्रंथी करते हैं, उसी प्रकार महाबोधि महाविहार का संचालन भी बौद्ध भिक्षुओं के हाथों में होना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री विदेशों में जाकर स्वयं को बुद्ध की धरती से आने वाला बताते हैं, वहीं दूसरी ओर देश के भीतर बौद्ध अनुयायियों को उनके अपने धार्मिक स्थल का अधिकार देने में अड़चनें खड़ी की जा रही हैं। यह किसी भी दृष्टि से न्यायसंगत नहीं है। वर्तमान में महाबोधि महाविहार के प्रबंधन में अन्य धर्मों के लोगों की भागीदारी और 1949 में बने बीटी एक्ट की व्यवस्थाएं बौद्ध समाज की धार्मिक स्वतंत्रता एवं अधिकारों का हनन कर रही हैं। विधायक भगत ने स्पष्ट कहा कि 1949 के बीटी एक्ट को तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए और भारत में रहने वाले बौद्ध अनुयायियों को महाबोधि महाविहार का पूर्ण स्वामित्व सौंपा जाना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह केवल प्रबंधन का मामला नहीं है, बल्कि करोड़ों बौद्ध अनुयायियों की भावनाओं, धार्मिक अधिकारों और आस्था से जुड़ा प्रश्न है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है जहां सभी धर्मों को समान अधिकार प्राप्त हैं। ऐसे में बौद्ध समाज को भी अपने प्रमुख धार्मिक स्थल पर पूर्ण अधिकार मिलना ही चाहिए। अंत में विधायक मधु भगत ने आश्वासन देते हुए कहा कि इस संघर्ष में वे पूरी मजबूती से बौद्ध समाज के साथ खड़े हैं और जब तक न्याय नहीं मिलता, तब तक इस आंदोलन को अपना समर्थन देते रहेंगे।



# जनसुनवाई में अपर कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्या

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में 09 सितम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे एवं संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक ने अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग को उनका निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 110 आवेदक अपनी समस्या लेकर आए थे।



जनसुनवाई में बिरसा तहसील के ग्रामवासी डोडियारोला से चिचरंगपुर तक पक्की सड़क निर्माण की मांग लेकर आए थे। ग्रामीणो का कहना था कि डोडियारोला से चिचरंगपुर तक कच्ची सड़क होने के कारण ग्रामीणों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में कीचड़ और पानी भर जाने से वाहनों का आवागमन बाधित हो जाता है, जिससे मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता। यही नही बल्कि गर्भवती महिलाओं को भी समय पर अस्पताल पहुंचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस प्रकरण में अपर कलेक्टर श्री धुर्वे ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियो को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। लालबर्रा तहसील के ग्राम नागपुरा से आये आवेदक कोमल गोंडाने ने जनसुवाई मे अपनी समस्या मे बताया कि ग्राम पंचायत नगपुरा स्थित ख.न. 416 का ड्रोन सर्वे करवाने के बाद पटवारी द्वारा की गयी जाँच में गलत जानकारी देने के कारण उसकी जमीन किसी दूसरे के नाम पर दर्ज कर दी गयी है। जबकि वह इस ज़मीन पर पिछले 42 साल से कब्ज़ाधारी है। कोमल गोंडाने की समस्या को सुनने बाद अपर कलेक्टर श्री धुर्वे ने एसडीएम वारासिवनी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। तहसील बिरसा की ग्राम पंचायत भूतना से ग्रामीण अपनी समस्या लेकर को लेकर जनसुनवाई में आये। जिसमे उन्होंने बताया कि 2 अगस्त को विशेष ग्राम सभा में सर्वसम्मति से ग्राम चैनाटोला में जोगीलाल सिंह की कृषि भूमि पर सार्वजानिक तालाब बनाये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है लेकिन अभी तक तालाब के निर्माण बनाये जाने कि कोई कार्यवाही नहीं कि गयी है। तालाब ना होने से कृषि व पशुओं को पानी पीने की समस्या हो रही है। अपर कलेक्टर श्री धुर्वे ने इस पर जनपद सीईओ बिरसा को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

# सीएम की पहल पर मजदूर को मिली बांस कटाई राशि

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मंडला जिले के मजदूर झुन्नालाल की समस्या का समाधान किया। झुन्नालाल ने बताया कि उन्होंने 2022 में बालाघाट जिले के लामता क्षेत्र में बांस कटाई का काम किया था, लेकिन बजट की कमी के कारण उन्हें लाभांश राशि नहीं मिल पाई थी।



मुख्यमंत्री की सुनवाई के बाद वन मंडलाधिकारी ने अन्य मद से 1 लाख 2 हजार 967 रुपए का भुगतान झुन्नालाल को कर दिया। डॉ. यादव ने वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि लाभांश वितरण में देरी न हो और हितग्राहियों को समय पर राशि मिले।

इसी दौरान मुख्यमंत्री ने आदि कर्मयोगी अभियान और सेवा पखवाड़ा के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें जनजातीय वर्ग की सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति का प्रयास किया जाएगा।

अभियान के तहत कई विभाग अपनी योजनाओं में पात्र लोगों को लाभान्वित करेंगे। ग्राम स्तर पर जनजागरण यात्रा, क्षेत्र भ्रमण, संगोष्ठी जैसी गतिविधियां होंगी। स्थानीय भाषा में ग्राम विकास कार्य योजना बनाई जाएगी। आदि सेवा केंद्र का निर्धारण और दीवार लेखन भी किया जाएगा। 2 अक्टूबर को ग्रामसभा में विकास कार्य योजना का अनुमोदन होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस में कहा कि 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती से सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। जो 02 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलेगा। इस पखवाड़े के अंतर्गत शासकीय विभागों के साथ-साथ सामाजिक संस्था, स्वयं सेवी संस्था, अशासकीय संस्था मिलकर कार्य करेगी और सेवा और सुशासन को आम जनता तक पहुंचाने का काम करेगी।

इस पखवाड़े के अंतर्गत रक्तदान शिविर, संगोष्ठी, स्वदेशी वस्तुओ को प्रोत्साहन, खादी वस्त्रो को प्रोत्साहन का कार्य किया जाएगा। इस पखवाड़े के अंतर्गत नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को लेकर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में नए नमो उपवन, नमो पार्क बनाए जाएंगे। 27 सितंबर को बड़े शहरों में नमो मैराथन का आयोजन किया जाएगा।

### 13 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**बालाघाट**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन तथा प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में 13 सितम्बर (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, समस्त तहसील न्यायालयों, श्रम न्यायालय, कुटुम्ब न्यायालय तथा अन्य न्यायालयों में किया जाएगा। बालाघाट शहर में यह आयोजन प्रातः 10:30 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर में किया जाएगा। इस लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित आपराधिक, विद्युत, चेक डिसऑनर, दीवानी एवं शमनीय मामलों के अलावा बैंक, श्रम, दूरसंचार, राजस्व, जलकर, संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन मामले निराकरण के लिए रखे जाएंगे।

### नेताओं और अफसरों ने नहीं की सुनवाई तो श्रमदान से की सड़क की मरम्मत

# ग्रामीणों की मदद के लिए मजदूर बने जनपद सदस्य

**हरिभूमि न्यूज कटंगी**। यह तस्वीर बालाघाट जिले की जनपद पंचायत कटंगी के पठार अंचल की है. इस तस्वीर में हल्के हरे रंग की टी-शर्ट पहन कर मजदूरों की तरह मिट्टी को ट्रैक्टर में लादते हुए दिखाई दे रहा शख्स क्षेत्र क्रमांक 05 से निर्वाचित जनपद सदस्य चमन डोंगरवार है. जो ग्रामीणों के साथ मिलकर अपने जनपद क्षेत्र की बदहाल हो चुकी सड़क की मरम्मत कर रहे है. दरअसल, जनपद सदस्य ग्रामीणों के साथ मिलकर जिस सड़क की मरम्मत कर रहे है. वह ग्राम पंचायत आंजनबिहरी से चाकाहेटी पंचायत के रामजी टोला को आपस में जोड़ती है. चमन डोंगरवार चाकाहेटी से निर्वाचित जनपद सदस्य है. इस सड़क की हालत बेहद खराब है. बारिश के बाद सड़क में पैदल चलने में भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है. ग्रामीणों का कहना है यहां आज तक न कोई विधायक पहुंचा और कोई न सांसद. ग्रामीणों ने सड़क बनवाने के लिए कई बार अफसरों को आवेदन दिया लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई. जनपद सदस्य चमन डोंगरवार कहते है कि उन्हें जनपद निधि के जरिए इतना बजट नहीं मिल पाता कि वह सड़क का निर्माण करवा सकें. जनता के प्रतिनिधि होने के नाते उनका यह दायित्व है कि वह उनकी पीड़ा को कम कर सकने में मदद करें इसलिए ग्रामीणों के साथ श्रमदान कर सड़क की मरम्मत करने का काम कर रहे है. जनपद सदस्य ने ग्रामीण खेमराज पन्द्रे, शिवम ब्रम्हे, आदित्य गोपाले, राजू उइके, भूपेन्द्र इनवाते, आदित्य गोपाले, जीवन इनवाते, सतीश कुमरे, शरद शिव, सारंग डोंगरवार, के.डी.पन्द्रे, विनोद इनवाते ने मिलकर श्रमदान कर सड़क की मरम्मत की ताकि ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिले. सड़क की मरम्मत के बाद ग्रामीणों को इसका लाभ भी मिलने लगा है किंतु ग्रामीण पक्की सड़क के निर्माण की मांग कर रहे है।



आंजनबिहरी से रामजी टोला को जोड़ने वाली कच्ची सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और मुख्यमंत्री सड़क योजना के लाभ से वंचित है. रामजी टोला के ग्रामीण अपने दैनिक कामकाज से लेकर हाट-बाजार, स्वास्थ्य सुविधाओं से लेकर रोजगार के लिए आंजनबिहरी पर निर्भर है. ऐसे में काफी लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग की जा रही है. किसी भी चुनाव के दौरान जब नेता रामजी टोला में वोट मांगने के लिए पहुंचते है तो ग्रामीण इस सड़क का निर्माण करवाने की मांग प्रमुखता से रखते है. ग्रामीणों को भरोसा दिया जाता है कि निर्माण हो जाएगा परंतु चुनाव समाप्त होने के बाद फिर कोई इस सड़क की सुध नहीं लेता. लंबे समय से सरकार से कोई सहयोग नहीं मिलने के कारण ग्रामीणों को अब स्वयं ही फावड़ा-कुदाल उठाकर और सामूहिक प्रयास श्रमदान से सड़क की मरम्मत करनी पड़ रही है जबकि यह मुलभूत सुविधा मुहैया करवाने की जिम्मेदारी सरकार की है।

# खैरलांजी में ग्राम पंचायतो के भृत्यो ने सौपा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतो में काम करने वाले भृत्यो के द्वारा मंगलवार 9 सितंबर को जनपद कार्यालय में पहुंचकर कर अपनी चार सूत्रीय मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जनपद के पंचायत निरीक्षक अधिकारी अनिल मेश्राम को ज्ञापन सौपा गया । और सम्मानजनक मानदेय मिलने की मांग की गई। इस दौरान ज्ञापन के माध्यम से पंचायत भृत्यो ने बताया की ग्राम पंचायतों में वर्षो से हम चौकीदार, चपरासी, सफाई कर्मी, एंव पम्प आपरेटर के रूप में कार्य कर रहे है मानदेय के रूप में दो हजार, तीन हजार रुपए मासिक मानदेय पर कार्य कर रहे है। जो कम है। यह अल्प मानदेय भी समय पर प्राप्त नही होता। यह है



प्रमुख मांगे पंचायत चौकीदार, चपरासी, सफाई कर्मी, पम्प आपरेटर आदि कर्मचारीयो का वर्ग निर्धारण का नियमित किया जाए। समान काम समान वेतन सिद्धांत के अंतर्गत सम्मानजनक न्युनतम वेतन प्रदान किया जाए। सेवा शर्तो का स्पष्ट निर्धारण शासन स्तर पर किया जाए। सामाजिक सुरक्षा लाभ उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान ज्ञापन सौंपने में ग्राम पंचायत भृत्य, पम्प चालक संगठन अध्यक्ष काशीदास ठाकरे, अशोक हेडाऊ, गेंदलाल टेकाम, कमलेश तिवडे, संजय देशमुख ,ओमकार चंदने, हेमराज पंचशेवर, लोकेश भगत, नंदलाल उईके, धुरनलाल वरठेकर,मुकेश वाल्दे, सुरेश गोंडाने, समीर शेन्द्रे, सुदधोधन, विजय वाघाडे, सहित अन्य पंचायत के भृत्य, चौकीदार,चपरासी, पम्प आपरेटर मौजूद रहे।